**दिनांक : 26/08/2026** **समय :7.10एएम**

**आकाशवाणी, भोपाल**

मुख्य समाचार:-

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाते समय बिजली, पानी और अन्य सेवाओं के लिए साझा गलियारे विकसित किए जाएं।
2. प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, सायबर सुरक्षा और सामाजिक कल्याण से जुड़े 10 हजार 630 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंत्रि-परिषद ने दी मंजूरी।
3. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मालनपुर में गॉदरेज की चौथी विनिर्माण इकाई का करेंगे शुभारंभ।
4. प्रदेष में भोपाल और उज्जैन सहित पांच संभाग के जिलों में तेज बारिश होने का अनुमान।

पीएम-प्रगति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बड़ी परिवहन और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाते समय, जहां संभव हो, बिजली, पानी और अन्य सेवाओं के लिए साझा गलियारे विकसित किए जाने चाहिए। कल सेवा तीर्थ में प्रगति मंच की 53वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के साथ गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। बैठक में नौ राज्यों से जुड़ी हुई रेलवे, सड़क और बिजली क्षेत्र की छह प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिनकी कुल लागत 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र के डिजिटल डेटा प्लेटफॉर्म एग्रीस्टैक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीक के बेहतर इस्तेमाल की बात कही, ताकि किसानों को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

मंत्रि-परिषद बैठकः मध्य प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल भोपाल में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, सायबर सुरक्षा और सामाजिक कल्याण से जुड़े 10 हजार 630 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंत्रि-परिषद ने 12 सड़क मार्गों के निर्माण के लिए मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम को नाबार्ड से 4 हजार 600 करोड़ रुपये के ऋण की शासकीय गारंटी देने का निर्णय लिया। यह भी निर्णय लिया गया कि 22 चयनित राजमार्गों, जिला और ग्रामीण मार्गों का स्वामित्व मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम को हस्तांतरित किया जाएगा। बैठक में सिवनी-बालाघाट के 91 दशमलव 64 किलोमीटर मार्ग को 3 हजार 960 करोड़ रुपये की लागत से फोर-लेन करने की मंजूरी दी गई। मंत्रि-परिषद ने गरीब और कमजोर वर्गों से जुड़ी 19 जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए एक हजार 740 करोड 40 करोड़ रुपये स्वीकृत किए। इसके साथ ही उज्जैन के मध्यप्रदेश धन्वंतरि स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के संचालन के लिए 244 पदों के सृजन को मंजूरी दी गई।

अमित शाह-सुरक्षा रणनीति सम्मेलन

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए भारत को अपनी आंतरिक सुरक्षा और मजबूत करनी होगी। कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मजबूत आंतरिक सुरक्षा जरूरी है। श्री शाह ने कहा कि नशीले पदार्थ, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर की सुरक्षा चुनौतियों पर सरकार ने प्रभावी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि अगले 15 से 20 वर्षों की संभावित चुनौतियों की पहचान कर उन्हें समय रहते रोकने की रणनीति बनाई जानी चाहिए।

बलराम कृषि महोत्सव,ग्वालियर-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कल ग्वालियर जिले के डबरा तहसील प्रांगण में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में वर्चुअली संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा वर्तमान वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के तहत किसानों की सेवा व समृद्धि के लिये बलराम कृषि महोत्सव मनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्वालियर तेजी के साथ विकास की ओर अग्रसर है। ग्वालियर टेलीकॉम इंडस्ट्रीज का भी बड़ा हब बनने जा रहा है। डॉ यादव ने ग्वालियर स्थित प्रदेश की सबसे बड़ी आदर्श गौशाला लाल टिपारा की सराहना भी की। डॉ. यादव ने कहा –

विनिर्माण इकाई-मालनपुर,मुख्यमंत्रीः

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भिंड जिले के औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में गॉदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की चौथी विनिर्माण इकाई का शुभारंभ करेंगे। 450 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्थापित इस इकाई से 2 हजार 250 से अधिक नए रोजगार के अवसर

सृजित होंगे। नई इकाई में आधुनिक स्वचालित पैकेजिंग प्रणाली और 10 मीट्रिक टन प्रति घंटे क्षमता वाला सैपोनिफिकेशन संयंत्र स्थापित किया गया है। विस्तार के बाद राज्य को प्रतिवर्ष लगभग 185 करोड़ रुपये का अतिरिक्त जीएसटी राजस्व मिलने का अनुमान है।

कृषि डिग्री कार्यक्रम-शिवराज

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि डिग्री कार्यक्रमों के माध्यम से युवा छात्रों को प्रशिक्षित करने के महत्व पर बल दिया है। कल नई दिल्ली में आई.सी.ए.आर. संस्थानों के कुलपतियों और निदेशकों के सम्मेलन अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि कृषि शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता-एआई को शामिल करना समय की मांग है। कृषि शिक्षा के बारे में उन्हों्ने कहा कि ऐसी शिक्षा कक्षा में नहीं बल्कि खेतों में, अन्य किसानों के बीच दी जानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा-

भारतीय एथलेटिक्स सीरीज

हरियाणा के पंचकूला में हुए भारतीय एथलेटिक्स सीरीज के 14वें चरण में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पुरुषों की 400 मीटर दौड़ में विक्रांत पांचाल ने 46 दशमलव 16 सेकंड के समय के साथ जीत दर्ज की। उन्होंने ओलंपियन मोहम्मद अजमल को पीछे छोड़ा, जो 47 दशमलव 03 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। महिलाओं की हैमर थ्रो में तान्या चौधरी ने 61 दशमलव 28 मीटर के प्रयास के साथ पहला स्थान हासिल किया।

मौसम

प्रदेष में मानसून अब उत्तरी, पश्चिमी और मध्य हिस्से में एक्टिव रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन तक भोपाल, उज्जैन, सागर, ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में तेज बारिश होने का अनुमान जताया है। प्रदेष में इस मानसूनी सीजन में औसत 25.5 इंच बारिश हो चुकी है, जो कुल कोटे की 68 प्रतिशत है।

मौसम विभाग ने आज भिंड, दतिया और सागर में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, सीहोर, शाजापुर, राजगढ़, आगर-मालवा, उज्जैन, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, दमोह, मैहर और सिवनी में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

1. बैतूल में एक सितंबर को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फिनटेक के क्षेत्र में आईआईटी दिल्ली के विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा।
2. डिंडौरी में अतिवर्षा और बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए यात्री बसों के सुरक्षित संचालन के लिए जिला परिवहन अधिकारी द्वारा यात्री बस ऑपरेटरों एवं चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।
3. दतिया जिले में संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।
4. अशोकनगर जिले के कलेक्टर साकेत मालवीय कल ग्राम पलकाटोरी में औद्योगिक क्षेत्र विकास के संबंध में कहा कि जिला प्रशासन द्वारा उद्योग स्थापना हेतु उद्यमियों के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा।
5. मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत झाबुआ जिले के पात्र वरिष्ठ नागरिकों के लिए द्वारका-सोमनाथ तीर्थ यात्रा प्रस्तावित है।

-------------